
# ७. हमारा गाँव, हमारा शहर




इस चित्र में एक गाँव तथा एक शहर दिखाया गया है । इस चित्र को ध्यान से देखो :

१) नीचे दिए गए मुद्‍दों के आधार पर शहर तथा गाँव के अंतर को समझो :

- घर
- वेशभूषा
- वाहन
- उद्‍योग
- सुविधाएँ

२) इसके अतिरिक्त तुमने गाँव तथा शहर में और कौन-सी बातें देखी हैं । उनकी सूची बनाओ ।


HOSPITAL
U & Me Bank
CITY MALL



**बताओ तो**














(१) चित्र में दी गई कौन-सी वस्तुएँ खेत में उगती हैं ?
(२) ये वस्तुएँ और कहाँ मिलती हैं ?
(३) चित्र में दी गई कौन-सी वस्तु कारखाने में तैयार होती है ?
(४) ये वस्तुएँ तुम्हें और कहाँ मिलती हैं ?
(५) हमें इन वस्तुओं की किसलिए आवश्यकता होती है ?
(६) इन वस्तुओं को ग्रामीण तथा शहरी भागों में पहुँचाने के लिए किन साधनों का उपयोग किया जाता है ?


- अनाज, साग-सब्जी, दूध इत्यादि सामान गाँव से आता है ।
- साइकिलें, खिलौने, पुस्तकें इत्यादि सामान शहर से आता है ।
- खेती के औजार, कपड़ा, औषधियाँ, मोटरकार, साबुन, काँच, बल्ब इत्यादि वस्तुएँ कारखानों में बनती हैं । कारखाने मुख्यत: शहरों के पास होते हैं । गाँव तथा शहर में रहने वाले लोग इन सभी वस्तुओं का उपयोग करते हैं । शहरी तथा ग्रामीण लोग अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए एक-दूसरे पर निर्भर रहते हैं ।
- लोगों की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए परिवहन तथा संचार के साधनों की आवश्यकता होती है ।

पहले गाँव तथा शहर में अधिक अंतर होता था । अब यह अंतर धीरे-धीरे कम हो रहा है । शहरों में पाई जाने वाली बहुत-सी सुविधाएँ धीरे-धीरे गाँवों में भी दिखाई देने लगी हैं ।

## • परिवहन के साधन

जैसे-जैसे मनुष्य की आवश्यकताएँ बढ़ती गईं, वैसे-वैसे उसने परिवहन के नवीन साधनों के आविष्कार किए । पहले वह सामान लाने-ले जाने के लिए हाथी, बैल, ऊँट, घोड़े तथा गधे जैसे जानवरों का उपयोग करता था । कालांतर में बैलगाड़ी, घोड़ागाड़ी जैसे साधन आ गए । फिर जलयान तथा रेलगाड़ी का आविष्कार हुआ । आगे चलकर विमानों का आविष्कार हुआ । फलस्वरूप परिवहन शीघ्र गति से होने लगा ।













## बताओ तो

नीचे एक खाने में परिवहन के साधनों और दूसरे खाने में वे किसपर (कहाँ) चलते हैं, उनके चित्र दिए गए हैं । उनकी उचित जोड़ियाँ मिलाओ :




अब बहुत-से गाँवों और शहरों में परिवहन की अच्छी व्यवस्था तथा सुविधाएँ आ गई हैं । अपनी तहसील अथवा जिले में परिवहन की कौन-सी व्यवस्था है तथा कौन-से प्रसिद्ध स्थान हैं, उन्हें ज्ञात करेंगे । उसके लिए अपने जिले के मानचित्र का अध्ययन करो । मानचित्र पर आधारित कृति पूर्ण करो ।




१. मानचित्र में दर्शाया गया हवाई अड्डा ढूँढ़ो । उसके चिह्न के चारों ओर ◯ बनाओ ।


२. मानचित्र में दर्शाए गए उद्यान एवं कंदराओं के नामों के चारों ओर चौखट बनाओ ।

३. जो प्रसिद्ध स्थान तुम्हें मालूम हैं, उनके चिह्नों के चारों ओर चौखट बनाओ ।

४. बृहन्मुंबई के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित तीन प्रसिद्ध स्थानों के चिह्न रँगो । चौखट में उनके नाम लिखो । [ ]

५. शीव से ठाणे की ओर जाने वाला रेल मार्ग अलग रंग से रँगो ।

**बताओ तो**



१. दादा जी क्या पढ़ रहे हैं ?
२. जानकारी प्राप्त करने के लिए दीदी किसका उपयोग कर रही हैं ?
३. दादी जी क्या देख रही हैं ?
४. भैया गीत सुन रहे हैं, उसके लिए उन्होंने कान पर क्या लगाया है ?
५. पिता जी बात करने के लिए किसका उपयोग कर रहे हैं ?
६. दरवाजे पर कौन आया है ? माँ उससे क्या ले रही हैं ?

हम लोग प्राय: पत्र, संगणक, मोबाइल फोन, समाचारपत्र, टी.वी., म्यूजिक प्लेयर जैसी वस्तुओं का उपयोग करते हैं । इन सभी साधनों की जानकारी तथा संदेश प्राप्त करने या भेजने के लिए उपयोग किया जाता है । ये संचार के साधन हैं ।

## • बोली भाषा

मनुष्य भाषा की सहायता से परस्पर बातचीत करता है और अपने विचार दूसरों तक पहुँचाता है। एक ही भाषा विभिन्न प्रदेशों में अलग-अलग ढंग से बोली जाती है । प्रदेश के अनुसार उस भाषा के शब्दों के उच्चारण भी बदल जाते हैं । उस भाषा पर अन्य भाषाओं का भी प्रभाव पड़ता है । अन्य भाषाओं के शब्द हमारी भाषा में आते हैं । इस प्रकार विभिन्न प्रदेशों में एक ही भाषा की बोलियाँ उत्पन्न हो जाती हैं । उदा. अहिराणी, मालवणी, वराडी । ये मराठी भाषा की कुछ बोलियाँ हैं । **मराठी** महाराष्ट्र की **राजभाषा** है ।

## क्या तुम जानते हो

बहुत समय पहले संदेश भेजने का कोई उन्नत साधन नहीं था । उस समय विभिन्न विधियों से जानकारी भेजी जाती थी । उसके लिए कभी-कभी प्रशिक्षित कबूतरों का उपयोग किया जाता था । लिखा गया कागज या कपड़ा कबूतर के पैर में बाँधकर संदेश भेजे जाते थे ।



## अब क्या करना चाहिए

रोहन तथा रूपाली जहाँ रहते हैं, उस क्षेत्र में मोबाइल फोन, टेलीफोन, संगणक आदि सेवाएँ उपलब्ध नहीं हैं । उन्हें दूसरे गाँव में किसी रिश्तेदार को संदेश भेजना है । इसके लिए तुम उनकी किस प्रकार सहायता करोगे ?

## इसे सदैव ध्यान में रखो

वर्तमान समय में परिवहन तथा संचार साधनों का अत्यधिक विकास हुआ है परंतु इन साधनों के अत्यधिक उपयोग के कारण प्रदूषण में भी वृद्धि हुई है । इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को इन साधनों का सावधानीपूर्वक उपयोग करना चाहिए ।

## हमने क्या सीखा

* गाँव तथा शहर का पारस्परिक संबंध ।
* परिवहन तथा संचार के साधन ।
* परिवहन तथा संचार व्यवस्था की आवश्यकता ।
* हमारी तहसील तथा जिले की परिवहन व्यवस्था तथा प्रसिद्ध स्थल ।



## स्वाध्याय

**(अ) साग–सब्जी, प्याज, गेहूँ, मोटरसाइकिल, पुस्तक, टी.वी., रेडियो :**

(१) उपर्युक्त में से कौन–सा माल गाँव से शहर में आता है ?
(२) उपर्युक्त में से कौन–सा माल शहर से गाँव में जाता है ?

**(आ) नीचे दिया गया परिच्छेद पढ़ो और प्रश्नों के उत्तर दो :**

पूजा अपनी सहेली के घर जाने के लिए निकली थी । उसी समय डाकिया चाचा पत्र लेकर आ गए । बस से यात्रा करते समय पूजा ने कुछ लोगों को घोड़े पर सामान लादकर ले जाते हुए देखा । वह सहेली के पास जब पहुँची तब उसकी सहेली मोबाइल फोन पर बात कर रही थी ।

(१) परिवहन के साधन कौन–कौन–से हैं ?
(२) संचार के साधन कौन–कौन–से हैं ?

**(इ) कलम, कैंची, पत्र, मोबाइल, इस्त्री, बोतल, टेलीफोन, घड़ी, चश्मा, पुस्तक, टोपी :**

- उपर्युक्त में से संचार के साधन खोजो और उनके चारों ओर ○ बनाओ ।

**(ई) कृति करो :**

- तुम्हारे देखे हुए गाँव और शहर के चित्र बनाओ ।
- इस चित्र में शहर से गाँव और गाँव से शहर में आने–जाने वाली वस्तुएँ दिखाओ ।

### उपक्रम

- तुम्हारे दादा–दादी के बचपन में शायद टी.वी., म्यूज़िक प्लेयर नहीं था । रेडियो भी बहुत कम लोगों के पास थे । उनके साथ चर्चा करके ज्ञात करो कि उस समय वे मनोरंजन के लिए क्या करते थे ?

HN7ASS

***